INDIANOW 24

https://bit.ly/2wGpb15



# न्यू गुरुग्राम निवासियों ने आँखों पे पट्टी बांध मनाया हांडी फोड़ उत्सव

September 4, 2018 Yogesh Comment(0)

**न्यू गुरुग्राम निवासियों ने आँखों पे पट्टी बांध मनाया हांडी फोड़ उत्सव**

**रिपोर्टर योगेश गुरुग्राम India Now24**

इस वर्ष न्यू गुरुग्राम निवासियों ने बड़े ही हर्ष उल्लास एवं अनूठे तरीके से मनाई जन्माष्टमी | कार्यक्रम की विशिष्टता थी की आँखों पे पट्टी बाँध बच्चो और बड़ो ने अपने परिवार और दोस्तों की मदद से हांडी फोड़ी | यह कार्यक्रम सेक्टर 82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट, क्लब वन में एनवायरो द्वारा आयोजित किया गया था | निवासियों ने जोड़ी में खेला, एक दूसरे को निर्देशित किया जहां हाथी रखा गया था | उपहार विजेताओं को सुंदर छोटी हांडी दिया गया था |

**न्यू गुरुग्राम की निवासी सुष्मा ने कहा**,

"यह एक बहुत ही अच्छा कार्यक्रम था और मैंने अपने परिवार के साथ इसका आनंद उठाया। इस तरह से हांड़ी तोड़ उत्सव मानाने से बच्चों के सामाजिक कौशल की वृद्धि होती है।मैं इस्के लिए एनवायरो की बहुत आभारी हूँ |"

**गौरव भल्ला, मैनेजिंग डायरेक्टर, वाटिका ग्रुप**, "

यह उत्सव सबको साथ लाने के लिए बहुत ही अच्छे और ज़रूरी है। जो एनवायरो सुविधा प्रबंधन द्वारा शुरु किया गया है। यह लोगों को एक मजबूत सामाजिक संस्कृति बनाने के लिए एक साथ लाता है। हमने सुरक्षित जन्माष्टमी को सुनिश्चित करते हुए इस हांडी फोड़ परम्परा में थोड़ा सा बदलाव लाया है।

कार्यक्रम में संगीत एवं विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनो के स्टाल भी लगाये गये थे। नृत्य मंडल के प्रदर्शन ने लोगों को नृत्य करने के लिए प्रेरित किया । बच्चों के मनोरंजन के लिए समर्पित खेल क्षेत्र भी थे। मानव पिरामिड बनाने की पारंपरिक थीम से बचा गया क्योंकि यह सुरक्षा के लिए चिंता का विषय था। इस तरह के अभ्यास हर साल होने वाली दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

https://www.viralsach.online/new-gurugram-residents-celebrated-handi-fod-festival/

# न्यू गुरुग्राम निवासियों ने आँखों पे पट्टी बांध मनाया हांडी फोड़ उत्सव

By Viral Sach - September 4, 2018



गुरुग्राम, 4 अगस्त 2018 – इस वर्ष न्यू गुरुग्राम निवासियों ने बड़े ही हर्ष उल्लास एवं अनूठे तरीके से मनाई जन्माष्टमी | कार्यक्रम की विशिष्टता थी की आँखों पे पट्टी बाँध बच्चो और बड़ो ने अपने परिवार और दोस्तों की मदद से हांडी फोड़ी | यह कार्यक्रम सेक्टर 82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट, क्लब वन में एनवायरो द्वारा आयोजित किया गया था | निवासियों ने जोड़ी में खेला, एक दूसरे को निर्देशित किया जहां हाथी रखा गया था | उपहार विजेताओं को सुंदर छोटी हांडी दिया गया था |

**Continued to next page >>>>>**



न्यू गुरुग्राम की निवासी सुष्मा ने कहा, "यह एक बहुत ही अच्छा कार्यक्रम था और मैंने अपने परिवार के साथ इसका आनंद उठाया| इस तरह से हांड़ी तोड़ उत्सव मानाने से बच्चों के सामाजिक कौशल की वृद्धि होती है | मैं इस्के लिए एनवायरो की बहुत आभारी हूँ |"



गौरव भल्ला, मैनेजिंग डायरेक्टर, वाटिका ग्रुप, " यह उत्सव सबको साथ लाने के लिए बहुत ही अच्छे और ज़रूरी है। जो एनवायरो सुविधा प्रबंधन द्वारा शुरू किया गया है। यह लोगों को एक मजबूत सामाजिक संस्कृति बनाने के लिए एक साथ लाता है। हमने सुरक्षित जन्माष्टमी को सुनिश्चित करते हुए इस हांडी फोड़ परम्परा में थोड़ा सा बदलाव लाया है।



कार्यक्रम में संगीत एवं विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनो के स्टाल भी लगाये गये थे। नृत्य मंडल के प्रदर्शन ने लोगों को नृत्य करने के लिए प्रेरित किया । बच्चों के मनोरंजन के लिए समर्पित खेल क्षेत्र भी थे। मानव पिरामिड बनाने की पारंपरिक थीम से बचा गया क्योंकि यह सुरक्षा के लिए चिंता का विषय था। इस तरह के अभ्यास हर साल होने वाली दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

# जमीन पर उकेरे राधाकृष्ण




**एक संवाददाता, झज्जर :** जन्माष्टमी के मौके पर झज्जर के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व उनकी बेटी अंशुल ने रंगोली में राधाकृष्ण की छवि उकेरी। इसके साथ ही उन्होंने गीता ज्ञान का रेखाचित्र उकेरकर कर्म का महत्व भी समझाया।



वाटिका इंडिया नेक्स्ट, क्लब वन में एनवायरो ने जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया लोगों ने आंखों पर पट्टी बांधकर हांड़ी फोड़ का आनंद उठाया

# कान्हा के स्वागत में सजे मंदिर, तैयारियां पूरी

## भजन संध्या का किया आयोजन, स्कूलों में मनाई जन्माष्टमी

■ एनबीटी न्यूज, गुड़गांव

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** के उपलक्ष्य में विभिन्न मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बिजली की रंगीन झालरों से चमकते मंदिरों में आकर्षक झांकियां अलग ही छटा बिखेर रही हैं। इस मौके पर शहर के अलग-अलग स्थानों पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। प्रेममंदिर, सेक्टर-10 राधा-कृष्ण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी पूजा-आर्चना की गई।

सेक्टर 82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट, क्लब वन में आयोजित कार्यक्रम आंखों पर पट्टी बांध लोगों ने हांडी फोड़ी। कार्यक्रम एनवायरो की ओर से आयोजित किया गया। न्यू गुड़गांव की निवासी सुषमा ने कहा कि परिवार के साथ इस कार्यक्रम में अलग ही आनंद आया। हांड़ी फोड़ उत्सव मानाने से बच्चों के सामाजिक कौशल में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में संगीत के साथ ही विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनो के स्टॉल भी लगाए गए थे। वहीं डांस मंडल की ओर से कृष्ण गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुति भी दी गई। सुरक्षा के लिहाज से पिरामिड न बनाकर अलग ही ढंग से हांडी फोड़ कार्यक्रम किया गया।



प्रेम मंदिर में तैयार की जा रही झांकी



वाटिका इंडिया नेक्स्ट, क्लब वन में मनाई जन्माष्टमी

## बाल लीलाओं ने मोहा मन

**एनबीटी न्यूज, गुड़गांव :** स्टारएक्स स्कूल में नन्हे राधा-कृष्ण की नटखट अदाओं ने दिल जीता तो कृष्ण ने सुदामा के जरिये मित्रता की मिसाल रखी। अन्य स्कूलों में भी कृष्ण की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई व सभी को माखन मिश्री का प्रसाद बांटा गया। छात्राओं ने भजन प्रस्तुत कर सभी को रोमांचित किया तो नृत्य के भावों में कृष्ण लीला को सामने रखा। प्राइमरी विंग के बच्चों ने सुंदर वेशभूषाओं में मनमोहक कार्यक्रम पेश किए। केजी के नन्हे-मुन्नों ने भी हांडी फोड़ कर उत्सव मनाया। इस मौके पर स्टारएक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति अशोक दिवाकर मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी आजः मिलेनियम सिटी में मंदिर सजे, बाजारों में खूब खरीदारी की गई

# मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां मनेंगी

### इन स्थानों पर कार्यक्रम

सेक्टर-15 के राधा कृष्ण मंदिर, शीतला माता मंदिर, सोहना रोड ईकोन मंदिर, कादपुर के सीआरपीएफ समेत शहर के विभिन्न स्थानों पर सोमवार को धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्म उत्सव मनाए जाएंगे। वहीं तैयारियों को लेकर सदर बाजार, गैलेरिया, सेक्टर-14 समेत समत बाजारों में पूजन सामग्री बेचने वालों के यहा भीड़ रही।



**जन्माष्टमी की तैयारी**

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

मिलेनियम सिटी में श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां मनाने के लिए मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई है। सोमवार शाम को धूमधाम से मनाई जाएगी। इसको लेकर रविवार को लेकर शहर के मंदिरों में तैयारियां को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल रही।

दुकानों पर लड्डू गोपाल की प्रतिमाएं, पोशाक, मुकुट, बांसुरी से लेकर पालकी की आदि खरीदारी गई। लल्ला की पालकी बाजार में तीन हजार रुपये तक में बिकी।

**आंखों पर पट्टी बांध मनाया हांडी फोड़ उत्सव :** न्यू गुरुग्राम निवासियों ने बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ रविवार को जन्माष्टमी मनाई। आंखों पे पट्टी बांध बच्चों और बड़ों ने हांडी फोड़ी। रविवार को सेक्टर 82 में हुए कार्यक्रम में जोड़ी में भाग लिया। इस अवसर पर सुषमा ने कहा कि हांडी फोड़ उत्सव मानाने से बच्चों के सामाजिक कौशल की वृद्धि होती है। दूसरी तरफ कार्यक्रम में संगीत, विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए। नृत्य मंडल के प्रदर्शन ने लोगों को नृत्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं शब्द शक्ति साहित्यिक संस्था की ...ीए स्कूल में भजन संध्या का ...किया गया।



गुरुग्राम के ब्रह्माकुमारी के ओम शान्ति रिट्रीट सेन्टर में रविवार को कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## कान्हा के जीवन को नृत्य के जरिए किया जीवंत

गुरुग्राम | वरिष्ठ संवाददाता

### आयोजन

- ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर मे जन्माष्टमी मनी
- अभिनेत्री ग्रेसी सिंह की टीम ने कार्यक्रम पेश किया

ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में रविवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इस मौके पर फिल्म अभिनेत्री ग्रेसी सिंह ने टीम के साथ कान्हा के जीवन पर सुंदर प्रस्तुति देकर मनमोहा।

ओआरसी केंद्र पर कार्यक्रम की शुरुआत टॉक शो से हुई। स्प्रिंग ऑफ ज्वाय एंड हैपीनेस विषय पर टॉक शो आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन ओआरसी की निदेशिका बीके आशा ने किया। टॉक शो के जरिए लोगों को असली खुशी के मायने समझाए गए। इसके बाद श्रीकृष्ण के जीवन चरित्रों को नृत्य के माध्यम से बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसमें राधा-कृष्ण, मीरा-कृष्ण प्रेम के भावनात्मक दृश्य दिल को छू गए। मनोहर दृश्यों का नृत्य और संगीत के साथ सुन्दर समन्वय देखकर स्वर्णिम दुनिया का अनुभव होने लगा। इस अवसर पर बीके आशा ने कहा कि जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन आवश्यक है। ठीक उसी तरह जीवन में खुशी और आनंद का होना भी जरूरी है। ब्रह्माकुमारीज के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन ने कहा कि अगर हम खुश रहना चाहते हैं तो उन घटनाओं और बातों को भूलना पड़ेगा जिन्हें सोचकर हम दुखी होते हैं।